# भारत यूएनएससी में जिम्मेदारी लेने को तैयार

## सम्मेलन में विभिन्न देशों के सेना प्रमुखों को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने किया संबोधित

**नई दिल्ली 16 अक्टूबर. विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के महत्व पर बल दिया.**

उन्होंने कहा है कि यह अफसोस की बात है कि यह संस्था 2025 की वास्तविकताओं के बजाय अभी भी 1945 की वास्तविकताओं को दर्शाती है और इसलिए इसमें सुधारों तथा विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व की जरूरत है. विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी करते हुए कहा कि भारत अधिक जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार है. डॉ. जयशंकर ने गुरुवार को यहां संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में



योगदान देने वाले देशों के सम्मेलन में विभिन्न देशों के सेना प्रमुखों को संबोधित करते हुए यह बात कही. विदेश मंत्री ने भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस सम्मेलन के अंतिम दिन अपने विचार रखते हुए कहा कि दुनिया जिन वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रही है जैसे महामारी से लेकर आतंकवाद तक, और आर्थिक अस्थिरता से लेकर जलवायु परिवर्तन तक - ये चुनौतियां आपस में जुड़ी हुई हैं और राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं.


### विकासशील देशों की आवाज बुलंद होना चाहिए

विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रभावी होने के लिए इसमें सुधार होना चाहिए और इसे अधिक समावेशी, लोकतांत्रिक, सहभागी बनना चाहिए. साथ ही इसे आज की दुनिया के अनुरूप बनना चाहिए. इसलिए इसे विकासशील देशों की आवाज़ को बुलंद करना चाहिए और उभरते वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करना चाहिए. संयुक्त राष्ट्र की वैधता और विश्वसनीयता, इस पर निर्भर करती है. उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की इसमें सुधारों की प्रबल इच्छा है जिसमें सुरक्षा परिषद की स्थायी और अस्थायी सदस्यता श्रेणियों का विस्तार भी शामिल है. उन्होंने कहा कि विडंबना यह है कि सुधार की प्रक्रिया का ही उपयोग उस एजेंडे को पटरी से उतारने के लिए किया जा रहा है.

> उन्होंने कहा कि पहला संयुक्त राष्ट्र भी 1945 की वास्तविकताओं को दर्शाता है, 2025 की नहीं. 80 साल किसी भी मानदंड से एक लंबा समय है और इस अवधि के दौरान संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता वास्तव में चौगुनी हो गई है. जो संस्थाएं समय के अनुरूप नहीं ढलने में विफल रहती हैं उनके अप्रासंगिक होने के साथ साथ उनकी वैधता भी कम हो जाती है और वे अनिश्चितता के समय में उस पर निर्भर रहने वालों को बिना किसी सहारे के छोड़ देती हैं.

# भगोड़े अपराधियों पर अब जीरो टॉलरेंस

**नई दिल्ली 16 अक्टूबर. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में छिपे बैठे भारत के भगोड़े अपराधियों के खिलाफ भी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी.**



उन्होंने कहा भारतीय न्याय व्यवस्था के समक्ष पेशी सुनिश्चित करने के लिए कड़ी कार्रवाई करने पर जोर देते हुए राज्यों से भी केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के सहयोग से इन भगोड़ों को वापस लाने के लिए, एक तंत्र स्थापित करने को कहा है. उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराध और अपराधी की चाल चाहे कितनी भी तेज हो न्याय की पहुंच उससे भी तेज होनी चाहिए. शाह ने गुरूवार को यहां सीबीआई के भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण से संबंधित दो दिन के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे कोई भी भगोड़ा अपराधी हो और उसने किसी भी तरह का अपराध किया हो उसे कठोर से कठोर कदम उठाकर भारतीय न्याय व्यवस्था के समक्ष खड़ा करने की जरूरत है. उन्होंने कहा भगोड़े चाहे आर्थिक अपराधी हों, साइबर अपराधी हों, आतंकवादी घटनाओं में लिप्त हों या संगठित अपराध नेटवर्क के हिस्सेदार हो.

> हर भगोड़े के साथ रुथलेस अप्रोच अपनाकर उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था के समक्ष खड़ा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए. इसका समय आ गया है. उन्होंने राज्यों से भी इसके लिए अपने यहां एक अलग तंत्र बनाने के लिए कहा. उन्होंने कहा, सीबीआई हमारे यहां प्रत्यर्पण के लिए नामित एजेंसी है और सीबीआई के सहयोग से हर राज्य को अपने यहां एक यूनिट खड़ी करनी चाहिए, जो राज्य से भागे हुए भगोड़ों को वापस लाने के लिए एक तंत्र स्थापित करे. संपूर्ण सरकार अप्रोच से गति भी देनी पड़ेगी.

# नीतीश ने चार मुस्लिमों को दिया टिकट

## जेडीयू की दूसरी सूची जारी

पटना, 16 अक्टूबर. बिहार चुनाव 2025 के मद्देनजर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने अपनी दूसरी सूची जारी करते हुए सामाजिक समीकरणों को साधने की नई कोशिश की है. जहां पिछड़ा वर्ग और महिला उम्मीदवारों को तरजीह दी गई है.

वहीं अल्पसंख्यक वोट बैंक को भी साधने की रणनीति सामने आई है. खास बात यह है कि इस बार पार्टी ने चार मुस्लिम चेहरों को टिकट दिया है, जिससे स्पष्ट है कि जेडीयू हर वर्ग को साथ लेकर चलने की नीति पर काम कर रही है. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए जनता दल यूनाइटेड ने अपनी दूसरी सूची में



44 उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया है. इसके साथ ही पार्टी ने अब तक कुल 101 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में घोषित इस सूची में सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय समीकरण और राजनीतिक रणनीति को खुले तौर पर देखा जा सकता है.

> दूसरी सूची में जेडीयू ने चार मुस्लिम उम्मीदवारों को मौका देकर अल्पसंख्यक समुदाय को लुभाने की कोशिश की है. यह कदम बिहार की मुस्लिम आबादी को ध्यान में रखते हुए साफ तौर पर रणनीतिक माना जा रहा है. गुरुवार को आई दूसरी लिस्ट में तेजस्वी की पत्नी राजश्री की तुलना जर्सी गाय से करने वाले राजबल्लभ की पत्नी विभा देवी को टिकट दिया गया है. बाहुबली आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद को औरंगाबाद के नवीनगर से टिकट दिया गया है। चेतन आनंद 2020 में शिवहर से विधायक बने थे. इस लिस्ट में 9 महिलाओं को शामिल किया गया है.

# राजस्थान बस हादसे में मृतकों के परिजनों को 10 लाख की मदद

**जयपुर, 16 अक्टूबर.** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर से जोधपुर आ रही एसी स्लीपर बस में आग लगने से हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की है. शर्मा ने कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है. उन्हें पूरी मदद देने और घायलों के हरसंभव उपचार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है. जिन परिवारों में तीन या अधिक लोगों की मौत इस दुर्घटना में हुई है, उन परिवारों को 25-25 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी.

# पीएम सड़क योजना ने बदली गांवों की तस्वीर

## मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने योजना की समीक्षा बैठक ली

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर. प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ने गांवों की तस्वीर और तकदीर बदल दी है यह कहना है ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का, उन्होंने उच्च स्तरीय बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा की.**

आगामी कार्य योजना को लेकर अहम निर्देश दिए. ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि भवन, नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की. बैठक में ग्रामीण विकास सचिव श्री शैलेश सिंह



सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में मंत्री को राज्यवार प्रगति की जानकारी दी गई. अधिकारियों ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के चलते कुछ पहाड़ी और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में कार्य धीमा पड़ा है, जबकि अन्य राज्यों में योजना सुचारु रूप से आगे बढ़ रही है. पूर्वोत्तर राज्यों और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों विशेषकर छत्तीसगढ़ में प्रगति को लेकर विशेष चर्चा हुई.

> चौहान ने इन क्षेत्रों में तेज गति से काम करने के निर्देश दिए और बताया कि जल्द ही वे स्वयं एक विशेष क्षेत्रीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे. इस बैठक में संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रतिनिधि व अधिकारी भाग लेंगे. बैठक में यह भी तय किया गया. 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दिसंबर 2025 में राष्ट्र व्यापी समारोह आयोजित किए जाएंगे. श्री चौहान ने योजना को ग्रामीण भारत के लिए परिवर्तनकारी पहल बताया और कहा, यह योजना हमारे गांवों की दिशा और दशा दोनों बदलने में सहायक रही है. कृषि मंत्री ने 25 वर्षों की उपलब्धियों पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए.

# सीजेआई पर जूता फेंकने वालों की खैर नहीं

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर.** उच्चतम न्यायालय ने अधिवक्ता राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग संबंधी याचिका पर तत्काल सुनवाई से गुरुवार को इनकार कर दिया. न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सुनवाई से इनकार कर दिया. पीठ ने यह सूचित किये जाने पर कि अटॉर्नी जनरल ने अधिवक्ता के खिलाफ अवमानना अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू करने की सहमति दे दी है, कहा कि इस मामले में कोई भी कार्रवाई करने से एक और प्रकरण शुरू हो सकता है. पीठ ने यह भी कहा कि मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं इस मामले को बंद करने का फैसला किया है.

# विश्व में 67.3 करोड़ लोग भूखमरी के शिकार

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर.** विश्व में लगभग 67.3 करोड़ लोगों को पर्याप्त भोजन भी नहीं मिल पाता है, जबकि वैश्विक स्तर पर इतना खाद्यान्न उत्पादित होता है जो पूरी वैश्विक आबादी का पोषण करने के लिए पर्याप्त है. भूखमरी का दंश झेल रही यह आबादी विश्व की कुल आबादी का आठ प्रतिशत से अधिक है. उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ और खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के तत्वाधान हर साल 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस का मनाया जाता है. संयुक्त राष्ट्र ने इस अवसर पर बताया कि वैश्विक स्तर पर इतना खाद्यान्न उत्पादित होने के बावजूद क्यों विश्व की इतनी बढ़ी आबादी भूखमरी झेलने को मजबूर है.



## जेपी नड्डा से मिले पूर्व पीएम सुनक

'भाजपा को जानें' पहल के तहत गुरुवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला. भारत ब्रिटेन संबंधों, स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक के उपयोग और भाजपा के जन आधारित संगठनात्मक ढांचे पर सार्थक चर्चा हुई. समावेशी व विकासोन्मुख शासन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता साझा की.

# किसानों का दमन कर रही सरकार : केजरीवाल

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में भाजपा सरकार पर किसानों के खिलाफ दमन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की आवाज उठाने वाले उनकी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है.**

केजरीवाल ने गुरुवार को एक्स पर एक वीडियो साझा कर कहा कि गुजरात के किसान बेहद दुखी हैं और अपने हक मांगने के लिए सड़कों पर उतरे हुए हैं. पिछले कुछ दिनों से जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं. 12 अक्टूबर को बोटाद जिले में किसानों ने दो प्रमुख मांगों पर महापंचायत बुलाई. पहली मांग करदा प्रथा के खिलाफ थी. इस प्रथा के तहत मंडी में किसानों की फसल को खराब बताकर कम दाम पर खरीदते हैं. किसान का अपनी फसल का सही दाम की मांग करना जायज है. उन्होंने कहा कि किसानों की दूसरी मांग एपीएमसी की सरकारी मंडी से जुड़ी है.

> कानून यह कहता है कि जब किसान अपनी फसल लेकर सरकारी मंडी में जाता है तो वहीं पर व्यापारी उसकी सारी फसल खरीद लेगा, लेकिन व्यापारी ऐसा नहीं करते हैं. व्यापारी किसानों से अपनी फसल 30-40 किलोमीटर दूर स्थित अपनी फैक्ट्री या गोदाम में पहुंचाने के लिए कहते हैं. ऐसे में किसान को खुद परिवहन का खर्चा उठाना पड़ता है. अब किसान चाहते हैं कि मंडी में ही उनकी फसल की खरीद पूरी हो. इन दो मांगों को लेकर 12 अक्टूबर को बोटाद जिले में महापंचायत हो रही थी, जहां किसान इकट्ठा हो रहे थे. पुलिस ने निहत्थे किसानों पर बर्बरता से लाठीचार्ज कर दिया और आंसू गैस के गोले छोड़े. उसी दिन 85 किसानों पर एफआईआर दर्ज कर दी गई, जिसमें किसानों पर हत्या के प्रयास की धारा 307 तक लगा दी और कई को गिरफ्तार भी किया गया. उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी के दो नेता राजूभाई करपड़ा और प्रवीण राम आंदोलन स्थल पर लगातार मौजूद थे.



# ट्रम्प से डरते हैं मोदी : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर हमला किया.**



उन्होंने कहा कि कहा है कि मोदी, जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेतुकी बातों पर चुप्पी साध लेते हैं उससे लगता है कि वह, उनसे डरे हुए हैं. गांधी ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रधानमंत्री मोदी, ट्रम्प से डरे हुए हैं. वह श्री ट्रम्प को यह फैसला करने और ऐलान करने की इजाजत देते हैं कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा. अचरज की बात यह है कि मोदी उनसे बात करने का प्रयास करते हैं लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति अनदेखी कर देते हैं. उन्होंने कहा कि मोदी बार-बार की गई अनदेखी के बावजूद बधाई संदेश भेजते रहते हैं. वित्त मंत्री की अमेरिका यात्रा रद्द कर दी गयी. शर्म अल-शेख में शामिल नहीं हुए. ऑपरेशन सिंदूर पर उनका विरोध नहीं करते. जयराम रमेश ने भी मोदी को घेरते हुए कहा कि पति ट्रम्प, पांच अलग-अलग देशों में 51 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने टैरिफ और व्यापार को दबाव के हथियार के रूप में इस्तेमाल करके हस्तक्षेप किया.

## एक नजर में



### जापान में भालुओं ने ली सात लोगों की जान

**टोक्यो, 16 अक्टूबर.** जापान में बीते छह महीनों में भालुओं के हमले में सात लोगों की मौत हो चुकी है. इस अवधि में भालुओं के हमले की 99 घटनाएं प्रकाश में आई हैं और इसमें 108 लोग जख्मी हुए हैं. यह घटनाएं दर्शाती हैं कि यहां पर मानव का पर्यावरणीय संतुलन में हस्तक्षेप बढ़ गया है. देश के पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, जापान ने वित्तीय वर्ष 2025 में अब तक भालू के हमलों से सात मौतों की पुष्टि की है. यहां वित्तीय वर्ष अप्रैल में शुरू होता है. भालुओं के हमले में साल 2023 में छह लोगों की जान गयी थी लेकिन इस साल छह महीने में यही रिकार्ड टूट गया है. मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि भालुओं के ज़्यादातर हमले देश के पूर्वोत्तर क्षेत्रों और होक्काइडो के सबसे उत्तरी प्रान्त में हुए हैं. इस बीच, बुधवार को मियागी प्रान्त के सेंदाई क्षेत्र के एक रिहायशी इलाके में एक वयस्क नर भालू की गोली मारकर हत्या कर दी गई.

### घूस लेते पंजाब पुलिस के डीआईजी भुल्लर गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 16 अक्टूबर.** पंजाब पुलिस के डीआईजी और आईपीएस अधिकारी हरचरण सिंह भुल्लर को सीबीआई ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई मंडी गोबिंदगढ़ के एक स्क्रैप कारोबारी की शिकायत पर की गई, जिसने डीआईजी पर हर महीने पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। शिकायत के बाद सीबीआई ने ट्रैप लगाकर भुल्लर को मोहाली से पकड़ा और उनके पास से नोटों के बंडल बरामद किए. सूत्रों के अनुसार, भुल्लर पर रोपड़ रेंज में तैनाती के दौरान अवैध कार कारोबार को दबाने के लिए रिश्वत लेने के आरोप हैं। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने उनके दफ्तर और आवास पर छापेमारी कर कई अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। पूछताछ में भुल्लर ने रिश्वत लेने की बात कबूल की है. सीबीआई ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और जल्द ही उन्हें चंडीगढ़ की स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई से पंजाब पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है, वहीं राजनीतिक दलों ने राज्य सरकार से जवाबदेही की मांग की है.

### 15 साल पुराने केस में रिटायर्ड पुलिसकर्मी को सजा

**मुंबई, 16 अक्टूबर.** अत्याचार अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों की सुनवाई के लिए गठित मुंबई की एक विशेष अदालत ने जाति के आधार पर जानबूझकर अपमानित करने के मामले में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी और उसकी पत्नी को दोषी ठहराया है. यह मामला 15 साल पहले हाउसिंग सोसाइटी के तत्कालीन अध्यक्ष को अपमानित करने से संबंधित है. अदालत ने गजेंद्र कदम (58) और उनकी पत्नी श्रद्धा कदम (54) को छह महीने कारावास और 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया है.

# आरईसी विद्युत अवसंरचना को वित्तपोषित कर रहा

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर. आरईसी भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक महारत्न कंपनी है.**

आरबीआई के साथ गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी (एनबीएफसी), सार्वजनिक वित्तीय संस्थान (पीएफआई) और इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग कंपनी (आईएफसी) के रूप में पंजीकृत है. आरईसी पूरे विद्युत-अवसंरचना क्षेत्र को वित्तपोषित कर रहा है जिसमें उत्पादन, पारेषण, वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा और नई प्रौद्योगिकियां जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी भंडारण, पंप भंडारण परियोजनाएं, ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया परियोजनाएं आदि शामिल हैं. हाल ही में आरईसी लिमिटेड ने गैर-विद्युत अवसंरचना क्षेत्र में भी



विविधता लाई है जिसमें सड़क और एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल, हवाई अड्डे, आईटी संचार, सामाजिक और वाणिज्यिक अवसंरचना (शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल), बंदरगाह और इस्पात, रिफाइनरी आदि जैसे विभिन्न अन्य क्षेत्रों के संबंध में इलेक्ट्रो-मैकेनिकल (ईएंडएम) कार्य शामिल हैं. आरईसी लिमिटेड देश में अवसंरचना परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राज्य, केंद्र और निजी कंपनियों को विभिन्न परिपक्वताओं के ऋण प्रदान करता है. आरईसी लिमिटेड बिजली क्षेत्र के लिए सरकार की प्रमुख योजनाओं में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका निभा रहा है.

# ईश्वर करुण को मिलेगा अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय भाषा सेतु सम्मान



बेंगलूर, 16 अक्टूबर. दक्षिण भारत में हिंदी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय संस्था, बेंगलूर (पंजीकृत) के अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय समारोह-2025 में इस वर्ष मोहीउद्दीन नगर के मूल निवासी और चेन्नै प्रवासी ईश्वर करुण को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी उपलब्धियों के लिए अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय भाषा सेतु सम्मान दिया जाएगा. संस्था के संस्थापक अध्यक्ष-इन्दु झुनझुनवाला, अध्यक्ष डॉ. प्रेम तन्मय, अंतरराष्ट्रीय सचिव-शैल अग्रवाल और महासचिव चंदा प्रह्लादका द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह सूचना दी गई है. संस्था द्वारा 8 एवं 9 नवंबर, 2025 को बेंगलोर में आयोजित अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में करुण को यह सम्मान दिया जाएगा. अभ्युदय संस्था प्रतिवर्ष देश के चुने हुए हिंदी साहित्यकार, शिक्षक, संगीतकार, महिला रचनाकार, युवा रचनाकार आदि को उनके कार्यकलापों और योगदान के आधार पर उन्हें सम्मानित करती है. ईश्वर करुण की शिक्षा-दीक्षा और प्रारंभिक जीवन मोहीउद्दीन नगर में ही बीता है. वह मोहीउद्दीन नगर नोटिफाइड एरिया के पहले निर्वाचित उपाध्यक्ष रहे हैं और मोहीउद्दीन नगर में स्थापित कृष्णदेव शोभेलाल सिंह महाविद्यालय के पहले प्रभारी प्राचार्य रहे हैं. इसके अलाव ईश्वर करुण मोहीउद्दीन नगर के पहले सिनेमा हॉल शांति टॉकीज के भी प्रथम मैनेजर रह चुके हैं.

# रोहतक साइबर सेल के एएसआई संदीप लाठर पंचतत्व में विलीन

**रोहतक/जींद, 16 अक्टूबर. हरियाणा के रोहतक में गुरुवार को साइबर सेल के एएसआई संदीप लाठर का अंतिम संस्कार हुआ.**

उनके गांव जींद के जुलाना में स्थित श्मशान घाट में विधि विधान से क्रियाकर्म किया गया, उनके बेटे रिहान ने मुखाग्नि दी. अंतिम संस्कार में डिप्टी स्पीकर सहित हरियाणा सरकार के 4 मंत्री और कार्यवाहक डीजीपी पहुंचे. इनके अलावा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, अजय चौटाला समेत विपक्ष के कई बड़े नेता भी पहुंचे. जुलाना की विधायक विनेश फोगाट ने घर पहुंच कर उनके परिवार से मुलाकात की. इससे पहले पोस्टमॉर्टम के बीच केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर पहुंचे थे. उन्होंने एएसआई के परिजनों से बात की. इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि एएसआई की पत्नी को सरकारी नौकरी मिलेगी. और उनके बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि इस बारे में वह सीएम नायब सैनी से करेंगे. क्यों नहीं मान रहे थे परिजन एएसआई के परिजन दिवंगत



डीजीपी पूरन कुमार की पत्नी और अन्य पर एफआईआर करने की मांग कर रहे थे. इसके चलते पोस्टमॉर्टम में देरी हुई. हालांकि, पुलिस ने आईपीएस की पत्नी एएसआई अमनीत कुमार समेत 3 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर दी थी.

इसके बाद परिजन बुधवार देर रात पोस्टमॉर्टम के लिए राजी हो गए. इसके बाद लाश को देर रात मामा के गांव लाढ़ौत से पीजीआई मॉर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया था.


**MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16 – A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755- 4853297, 0755- 4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No.: 7662/GM/MPBDC/CW/25/NIT-70 Bhopal, Dated : 16.10.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works:-
1. Construction of Corporate Office Annex Building at MPMKVVCL Ashtha Parisar, Govindpura Dist. Bhopal, M.P. - **PAC: Rs. 1,074.01 Lacs**
Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased **online from 22/10/2025 at 18:00 hrs. to 13/11/2025 at 15:30 hrs.** from website **www.mptenders.gov.in** PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/ corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.
2. With reference to NIT **No.: 6184/GM/MPBDC/CW&DIS/25/NIT-69** Bhopal, Dated: 28/08/2025 Tenders listed at Serial No. 1 to 12 shall be published on 03.11.2025 18:00 hrs., and the **last date for bid submission shall be 24.11.2025 15:30 hrs.** Tender listed at Serial No. 14 shall be published on 28.10.2025 18:00 hrs., and the last date for bid submission shall be **17.11.2025 15:30 hrs.**
M.P. Madhyam/122593/2025 **MANAGING DIRECTOR**



**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in
क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2025/27 दिनांक: 17.10.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश क्षेत्र में विभिन्न नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।
महाप्रबंधक (क्षेत्र)



**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
'चयन भवन ' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल - 462011

**पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत सूबेदार (अनुसचिवीय) शीघ्रलेखक एवं सहायक उप निरीक्षक (अनुसचिवीय) के रिक्त पदो हेतु भरती परीक्षा-2025**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह विभाग, (पुलिस) मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत सूबेदार (अनुसचिवीय) शीघ्रलेखक एवं सहायक उप निरीक्षक (अनुसचिवीय) के रिक्त पदों हेतु भरती परीक्षा-2025 के ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित करने की तिथि दिनांक 03.10.2025 से 17.10.2025 तक एवं ऑनलाइन आवेदन-पत्र में संशोधन की तिथि दिनांक 03.10.2025 से 22.10.2025 तक निर्धारित की गई थी।
उभयलिंगी अभ्यर्थियों हेतु उक्त परीक्षा में प्रोफाइल पंजीयन फार्म में संशोधन हेतु जेंडर में एक पृथक विकल्प जोड़ा जा रहा है। अभ्यर्थी हित को दृष्टिगत रखते हुए सूबेदार (अनुसचिवीय) शीघ्रलेखक एवं सहायक उप निरीक्षक (अनुसचिवीय) के रिक्त पदों हेतु भरती परीक्षा-2025 के ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने एवं संशोधन की अंतिम तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-
**1. ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि- 30.10.2025**
**2. ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि- 03.11.2025**
उपरोक्तानुसार आवेदक सूबेदार (अनुसचिवीय) शीघ्रलेखक एवं सहायक उप निरीक्षक (अनुसचिवीय) के रिक्त पदो हेतु भरती परीक्षा-2025 हेतु उभयलिंगी आवेदक सहित अन्य समस्त आवेदक ऑनलाइन आवेदन-पत्र भर सकते हैं।
**विज्ञापन क्रमांक-89/2025**
म.प्र. माध्यम/122600/2025 **संचालक**